प्रादेशिक समाचार

दिनांक–15.05.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- झारखंड में पांचवें चरण का चुनाव प्रचार तेज, सभी दलों ने झोंकी ताकत, केंद्रीय गृह मंत्री
- अमित शाह की राँची और बोकारो में 17 और 18 मई को जनसभा।
- चुनाव आयोग ने चौथे चरण में झारखंड की चार सीटों पर हुए मतदान की क्लोजर ऑफ
- पोल रिपोर्ट की जारी, औसत 66.01 प्रतिशत रहा मतदान, कई जगह पर मामूली फेरबदल संभव।
- टेंडर कमीशन मामले में ईडी की टीम राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम से
- आज भी करेगी पूछताछ।
- मौसम विज्ञान केंद्र ने अगले चार–पांच दिनों तक राज्य के सभी जिलों का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पार रहने का जताया अनुमान, तेज धूप और उमस का रहेगा असर।

****************************

झारखंड में पांचवें चरण का चुनाव प्रचार तेज हो गया है। सभी दलों ने अपनी ताकत झोंक दी है। कल गिरिडीह में आयोजित चुनावी जनसभा में भाजपा के वरिष्ठ नेता सह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनसमर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि वे अपने तीसरे कार्यकाल में आतंकवाद और नक्सलवाद पर बहुत बडा प्रहार करने संकल्प ले चुके हैं। श्री मोदी ने कहा कि जब मजबूत सरकार होती है तो वह सबसे पहले देश का और देश के लोगों का हित देखती है। वहीं कमजोर सरकार देश को भी कमजोर कर देती है। उन्होंने कहा कि कमजोर सरकार देशवासियों का भला नहीं कर सकतीं। उन्होंने कहा कि झारखंड को फिर से नक्सलवाद का गढ़ नहीं बनने देंगे। उन्होंने कहा कि उनके अगले कार्यकाल में देश में हर परिवार का पक्का घर होगा।

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कोडरमा लोकसभा से भाकपा माले के उम्मीदवार विनोद सिंह के समर्थन में कल तिसरी गांधी मैदान में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने गांडेय विधानसभा क्षेत्र में महिला कॉलेज और तिसरी में डिग्री कॉलेज खोलने का वादा किया।

****************************

भाजपा के वरिष्ठ नेता सह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 17 मई को रांची में रोड शो करेंगे। वहीं 18 मई को बोकारो में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

****************************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने चौथे चरण के तहत झारखंड की चार सीटों पर हुए मतदान की अंतिम रिपोर्ट जारी कर दी। उन्होंने बताया कि खूंटी, लोहरदगा, पलामू और सिंहभूम सीट पर छियासठ दशमलव शून्य एक प्रतिशत मतदान हुआ। खूंटी, लोहरदगा और सिंहभूम सीट पर पिछले आम चुनाव की तुलना में अधिक वोट पड़े हैं जबकि पलामू में इस बार तीन प्रतिशत कम मतदान हुआ। इस बार खूंटी में सर्वाधिक उनहतर दशमलव नौ तीन प्रतिशत, सिंहभूम में उनहतर दशमलव तीन दो प्रतिशत, लोहरदगा में छियासठ दशमलव चार पांच प्रतिशत और पलामू में इकसठ दशमलव दो सात प्रतिशत वोट पड़े।

****************************

बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव आज झारखंड में चार चुनावी सभाएं करेंगे और इंडी गठबंधन के पक्ष में जमसमर्थन मांगेंगे। श्री यादव कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के समर्थन में हंटरगंज में, हजारीबाग के कटकमसांडी स्थित छड़वा मैदान में कांग्रेस प्रत्याशी जेपी भाई पटेल, गिरिडीह के बेंगाबाद स्थित पेसरा टांड मैदान में झामुमो प्रत्याशी मथुरा महतो और कोडरमा के पांडियाडीह में माले प्रत्याशी विनोद सिंह के समर्थन में चुनावी सभा करेंगे।

****************************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने चुनाव कार्य में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों को चुनाव के बाकी बचे चरणों की बेहतर तैयारी करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि सभी मतदाता तक वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण करने, शहरी निकाय के मतदान केन्द्रों पर अच्छे मतदान के लिए नगर निकाय के पदाधिकारियों को मतदान केन्द्रों के साथ टैग करने और मतदाताओं के परिवारजनों को एकजुट करने को कहा। श्री कुमार ने कहा कि बीएलओ और सुपरवाइजर घर–घर जाएं और मतदाताओं के बीच वितरण किए जा रहे मतदाता पर्ची की मॉनिटरिंग करें। उन्होंने शारीरिक रुप से कमजोर मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक पहुंचाने में गति लाने को कहा।

****************************

प्रदेश कांग्रेस कमिटी और झाममो ने भाजपा पर आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। उनके प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार से इसकी शिकायत की है। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के सतीश पॉल मुंजनी ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को बताया कि सिंहभूम के मंझारी प्रखण्ड, बालाजोरी, ब्लॉक सोनुवा, डुमरगाड़ी एवं सुरून्द, खूंटी में भाजपा का पोलिंग एजेंट, चुनाव चिन्ह और पीएम मोदी की फोटो वाला पर्ची लेकर बांटा, जो आचार संहिता का उल्लंघन है।

****************************

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय, धनबाद की ओर से जिले के मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कल शाम मतदाता जागरूकता रथ रवाना किया गया। अगले पांच दिनों तक यह रथ जिले के विभिन्न इलाकों में घूम कर लोगों को चुनाव में अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करेगा। जागरूकता रथ को धनबाद नगर निगम के कार्यालय से नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर सीबीसी, धनबाद के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ओंकारनाथ पाण्डेय, सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी राजकिशोर पासवान के अलावा अन्य लोग उपस्थित रहे।

****************************

लोकसभा चुनाव को लेकर छठे चरण में धनबाद में होने वाले मतदान को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

****************************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

****************************

टेंडर कमीशन मामले में राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम से ईडी की टीम आज फिर पूछताछ करेगी। कल उनसे लगभग 9 घंटे की पूछताछ हुई। इस क्रम में मंत्री के साथ उनके निलंबित पीएस संजीव लाल, संजीव लाल की पत्नी रीता लाल, नौकर जहांगीर आलम से भी पूछताछ हुई। इडी ने मंत्री से टेंडर कमीशन और जहांगीर आलम के यहां बरामद लगभग 35 करोड़ रूपये से जुड़े कई सवाल किये। जिस पर मंत्री ने बताया कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। पीएस संजीव लाल और जहांगीर आलम ने कमीशन की राशि देने वालों की जानकारी इडी को दी है।

****************************

- लोहरदगा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मतदान संपन्न होने के बाद सभी मतदान केंद्रों से ईवीएम मशीन आ जाने के बाद कल देर शाम गुमला जिला मुख्यालय स्थित गुमला पॉलीटेक्निक कॉलेज में बने स्ट्रॉन्ग रूम में ईवीएम मशीन सील बंद कर दी गयी। स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा व निगरानी के लिए सुरक्षा बलों को भी तैनात कर दिया गया है ।
- लोकसभा चुनाव को लेकर सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मतदाता जागरूकता अभियान चला रहा है। इसी क्रम में यूथ आइकॉन क्रिकेटर सौरव तिवारी ने कल रात चैंबर परिसर से तीन मतदाता जागरूकता रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया।
- सरायकेला खरसावां जिले के गम्हरिया थाना क्षेत्र के टाटा स्टील, गम्हरिया प्लांट के डंपिंग यार्ड में दो लोगों की हत्या कर दी गयी।
- गोड्डा जिले के हंसडीहा–गोडा मार्ग पर वाहन की चपेट में आने पर एक साइकिल सवार की मौत हो गई। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

****************************

मौसम विज्ञान केंद्र ने कहा है कि अगले तीन से चार दिनों तक तापमान में वृद्धि देखी जायेगी जिससे गर्मी का अनुभव होगा। इस दौरान तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहने की संभावना है। तेज धूप और उमस का असर भी रहेगा। वहीं आज राज्य के अधिकांश हिस्से में आंशिक बादल का असर देखा जायेगा। मौसम विज्ञान केंद्र ने कहा है कि 19 मई से फिर से बारिश की स्थिति बन रही है। इस दौरान राज्य के उत्तर–पूर्वी और मध्य हिस्से में बारिश होगी।

****************************

<u>अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित विभिन्न अखबारों ने प्रधानमंत्री की गिरिडीह में चुनावी सभा को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसके अलावा

दैनिक भास्कर ने मंत्री आलमगीर आलम से ईडी की पूछताछ की खबर को प्रमुखता दी है।

हिन्दुस्तान और दैनिक जागरण ने बिरसा जू में मां बाघिन से दबकर चार शावकों के दबकर मौत होने की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।

प्रभात खबर ने हॉस्पिटल में पार्किंग पर आईजी को गलत रिपोर्ट भेजे जाने की रिपोर्ट को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

राष्ट्रीय नवीन मेल और अंग्रजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स ने प्रधानमंत्री के वाराणसी लोकसभा सीट से नामांकन की खबर को प्रमुखता दी है।

****************************